प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 42 / 2026)
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
www.trai.gov.in
नई दिल्ली, 24 मार्च 2026

**तत्काल प्रकाशन हेतु**

# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने केरल एलएसए के लिए कोट्टयम के आस-पास नेटवर्क गुणवत्ता का आंकलन किया

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने फरवरी 2026 के महीने के दौरान कोट्टयम के व्यापक शहरी/ रेलवे/ कोस्टल मार्गों को कवर करते हुए केरल लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) के निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलूरु की देखरेख में आयोजित ये ड्राइव टेस्ट विविध उपयोग वातावरणों- शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन हब और हाई-स्पीड कॉरिडोर में रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किये गए थे ।


10 फरवरी 2026 से 13 फरवरी 2026 के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने कोट्टयम के आस पास के इलाकों में **503.9 किलोमीटर विस्तृत टेस्ट किए, जिसमें 306 किलोमीटर सिटी ड्राइव टेस्ट, 10 हॉटस्पाट, 9.2 किलोमीटर वॉक टेस्ट, 12.4 किलोमीटर कोस्टल ड्राईव टेस्ट और 176.3 किलोमीटर हाईवे ड्राइव टेस्ट** शामिल थे। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित कर दिया गया था ताकि वे आगे की आवश्यक कार्रवाई कर सकें।

**मूल्यांकित प्रमुख पैरामीटर:**
**क) वॉइस सेवाएं:** कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल रेट (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.), कवरेज।
**ख) डाटा सेवाएं:** डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले ।

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट** - ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 99.84%, 89.02%, 100.00% और 98.92% है।
**ड्रॉप कॉल रेट**:- ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल ड्रॉप रेट क्रमशः 0.16%, 7.53%, 0.31% और 0.47% है।

- ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में **वॉयस टेस्टिंग** के दौरान **सिटी आईडीटी** रुट पर एयरटेल, बीएसएनएल, वीआईएल और आरजेआईएल द्वारा तय किए गए मार्गो के क्रमशः 1.54%, 8.54%, 1.29% और 3.38% हिस्से पर **सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई।**
- ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में **डाटा टेस्टिंग** के दौरान **सिटी आईडीटी** रुट पर एयरटेल, बीएसएनएल, वीआईएल और आरजेआईएल द्वारा तय किए गए मार्गो के क्रमशः17.63%, 13.37%, 10.84% और 8.54% हिस्से पर **सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई।**

- ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में **वॉयस टेस्टिंग** के दौरान **हाइवे ड्राइव रुट** पर एयरटेल, बीएसएनएल, वीआईएल और आरजेआईएल द्वारा तय किए गए मार्गो के क्रमशः 0.56%, 7.80%, 0.19% और 0.78% हिस्से पर **सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई।**
- ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में **डाटा टेस्टिंग** के दौरान **हाईवे आईडीटी** रुट पर एयरटेल, बीएसएनएल, वीआईएल और आरजेआईएल द्वारा तय किए गए मार्गो के क्रमश:7.06%, 6.08%, 2.96% और 4.42% हिस्से पर **सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई।**
- ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में **वॉयस टेस्टिंग** के दौरान **कोस्टल आईडीटी** रुट पर एयरटेल, बीएसएनएल, वीआईएल और आरजेआईएल द्वारा तय किए गए मार्गो के क्रमश:20.70%, 6.23%, 10.83% और 12.43% हिस्से पर **सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई।**
- ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में **डाटा टेस्टिंग** के दौरान **कोस्टल आईडीटी** रुट पर एयरटेल, बीएसएनएल, वीआईएल और आरजेआईएल द्वारा तय किए गए मार्गो के क्रमश:61.16%, 23.14%, 54.89% और 13.80% हिस्से पर **सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई।**
- **प्रमुख सेवा गुणवत्ता मानदंडों पर निष्पादन का सारांश**
  **सी.एस.एस.आर.:** कॉल सेटअप सक्सेस रेट (% में), सी.एस.टी.:कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में),
  **डी.सी.आर:** ड्रॉप कॉल रेट (%में),एमओएस: मीन ओपिनियन स्कोर जिसमें सामान्य आवाज की गुणवत्ता दर्शाई जाती है ।




## सारांश - वॉइस सेवाएं

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 99.84%, 89.02%, 100.00% और 98.92% है।

**कॉल सेटअप टाइम:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमश:1.23, 2.05, 0.58 और 0.78 सेकंड है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमश:0.16%, 7.53%, 0.31% और 0.47% है।

**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नैटवर्क (4G/5G). में एयरटेल, बीएसएनएल आरजेआईएल और वीआईएल की साइलेंस कॉल रेट क्रमश:0.52%, 5.77%, 0.00% और 2.07% है।

**मीन ओपिनियन स्कोर (एम.ओ.एस.):** एयरटेल, बीएसएनएल आरजेआईएल और वीआईएल का एमओएस क्रमश:4.04, 3.10, 4.58 और 4.52 हैं।

## सारांश - डाटा सेवाएं

**डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड149.07 Mbps, बीएसएनएल(4G/3G/2G) की 10.33Mbps, आरजेआईएल(5G/4G) की 318.34 Mbps और वीआईएल (5G/4G) की औसत डाउनलोड स्पीड 22.95 Mbps है।

**डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र)** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 25.56 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 4.41Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 26.78 Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 18.71 Mbps है।

**लेटेंसी (समग्र):** एयरटेल, बीएसएनएल,आरजेआईएल और वीआईएल की 50वीं पर्सेंटाइल लेटेंसी क्रमशः 40.54 ms, 58.85 ms, 25.80 ms और 40.89 ms है।

**डाटा निष्पादन - हौट स्पॉट (Mbps में):**

| | | |
|---|---|---|
| एयरटेल - | 4G D/L: 39.37 | 4G U/L: 7.15 |
| | 5G D/L: 239.21 | 5G U/L: 49.75 |
| बीएसएनएल - | 4G D/L: 19.64 | 4G U/L: 11.49 |
| आरजेआईएल - | 4G D/L: 44.55 | 4G U/L: 10.34 |
| | 5G D/L: 363.65 | 5G U/L: 27.79 |
| वीआईएल - | 4G D/L: 29.26 | 4G U/L: 33.41 |
| | 5G D/L: 33.67 | 5G U/L: 43.68 |

**नोट - "D/L" डाउनलोड स्पीड "U/L" अपलोड स्पीड**

कोट्टयम में, नेटवर्क के मूल्यांकन में नट्टाकोम, पुडुपल्ली, मीनडोम, पम्बाडी, मनार्कडु, अयारकुन्नम, केझुवमकुलम, पाइका, पूवरानी, कडपट्टूर, किडांगूर, एट्टुमनूर, कोठानल्लूर, कल्लारा, नींदूर और कुमारकोन जैसे इलाके शामिल थे।

भादूविप्रा ने डिस्ट्रिक कलेक्ट्रेट कोट्टयम, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हौस्पीटल कोट्टयम, कोट्टयम जनरल हौस्पीटल, कोट्टयम मेन बाजार, कोट्टयम रेलवे स्टेशन, केएसआरटीसी बस स्टैंड कोट्टयम, लुलु मॉल कोट्टयम, म्यूनिसिपल जुबली नेहरू पार्क, नेहरू स्टेडियम कोट्टयम और थिरुनक्करा मंदिर कोट्टयम में वास्तविक स्थितियों का भी मूल्यांकन किया।

11 फरवरी 2026 और 12 फरवरी 2026 को आयोजित किए गए वाक टेस्ट में डिस्ट्रिक कलेक्ट्रेट कोट्टयम, कोट्टयम रेलवे स्टेशन से नागमपदम बस स्टैंड, नेहरू स्टेडियम जंक्शन, और थिरुनक्करा टैंपल से थिरुनकारा मार्केट से रेलवे स्टेशन रोड पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भीड़-भाड़ वाले पैदल यात्री परिवेश में मोबाइल नेटवर्क के व्यवहार को दर्शाते हैं।

हाईवे ड्राइव टेस्ट कोट्टयम से कोच्चि तक तिरुवल्ला, कायमकुलम, अलप्पुझा, चेरथला और अलुवा आदि से गुजरते हुए मार्गो पर किया गया था।

कोस्टल मार्ग पर सेवा की गुणवत्ता का आंकलन करने के लिए चीपुंकल, ग्रीन आइलैंड, चीपुंकल सन सेट व्यू प्वाइंट, कुमारकोन बर्ड सैंक्चुअरी ब्रीज़ी शोर, थोल्लायिराम ब्रिज और चीपुंकल को कवर करते हुए कोस्टल ड्राइव टेस्ट आयोजित किया गया ।

ये टेस्ट वास्तविक समय वातावरण में ट्राई कैलिब्रेटेड इक्युपमेंटस की सहायता से मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए आयोजित किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है।किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री ब्रजेन्द्र कुमार, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलूरु) भादूविप्रा से ईमेल adv.bengaluru@trai.gov.in या टेलीफोन नं 91-80-22865004 पर संपर्क किया जा सकता है।

BRAJENDRA KUMAR

Digitally signed by BRAJENDRA KUMAR
Date: 2026.03.24 12:18:22 +05'30'

(ब्रजेन्द्र कुमार)
सलाहकार, भादूविप्रा
क्षे.का., बेंगलूरु